भारतीय वानिकी अनुसंधान
एवं शिक्षा परिषद्

अक्टूबर 2022

# वानिकी समाचार

वर्ष 14 सं. 10

## अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक

- हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा 10 अक्तूबर 2022 को अनुसंधान सलाहकार समूह (आरएजी) की बैठक 2022 का आयोजन किया गया। बैठक में वैज्ञानिकों, मुख्य तकनीकी अधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों, राज्य वन विभागों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।
- उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा 12 अक्तूबर 2022 को अनुसंधान सलाहकार समूह (आरएजी) की बैठक 2022 का आयोजन किया गया। बैठक में वैज्ञानिकों, मुख्य तकनीकी अधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों, राज्य वन विभागों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।
- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा 14 अक्तूबर 2022 को अनुसंधान सलाहकार समूह (आरएजी) की बैठक 2022 का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य वन विभाग, अनुसंधान संस्थानों, काष्ठ आधारित उद्योगों और गैर सरकारी संगठनों ने भाग लिया।




हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक आयोजित की गई



उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक आयोजित की गई

### अनुक्रमणिका


| | पृ.सं. |
|---|---|
| अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक | 01 |
| आजादी का अमृत महोत्सव | 02 |
| महत्त्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 04 |
| परामर्शी कार्य | 04 |
| कार्यशालाएं/सेमिनार/बैठकें | 05 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 06 |
| समझौता ज्ञापन | 08 |
| वन विज्ञान केन्द्रों के अंतर्गत गतिविधियां | 08 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 09 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 10 |
| गणमान्य व्यक्तियों का दौरा | 11 |
| आकाशवाणी/दूरदर्शन के माध्यम से वानिकी का लोकप्रियकरण | 12 |
| विविध | 12 |
| मानव संसाधन समाचार | 13 |





व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक आयोजित की गई

# आजादी का अमृत महोत्सव

- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और इसके संस्थानों द्वारा 2 अक्तूबर 2022 को महात्मा गांधी की 153वीं जयंती मनाई गई।


भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा गांधी जयंती मनाई गई


व.अ.सं., देहरादून द्वारा गांधी जयंती मनाई गई



का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा गांधी जयंती मनाई गई


हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा गांधी जयंती मनाई गई

- व.अ.सं., देहरादून, व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर, हि.व.अ.सं., शिमला, शु.व.अ.सं., जोधपुर, व.जै.सं., हैदराबाद, व.व.अ.सं., रांची, उ.व.अ.सं., जबलपुर और व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 15 से 31 अक्तूबर 2022 तक फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 अभियान 2022 का आयोजन किया गया।


व.अ.सं., देहरादून द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया


व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया



शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया



हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया



व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया


व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया

- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और इसके संस्थानों द्वारा 31 अक्तूबर 2022 को सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस 2022 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त संस्थानों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।


भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा सरदार वल्लभभाई जयंती मनाई गई


व.अ.सं., देहरादून द्वारा सरदार वल्लभभाई जयंती मनाई गई



व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया


व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया


उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया


व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

## महत्त्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- तारेला (हिमाचल प्रदेश) और मुनस्यारी (उत्तराखंड) से एकत्र किए गए *प्रिंसेपिया यूटिलिस* पत्तियों के 25% जलीय मेथनॉलिक सत्त का एलसी–क्यूटीओएफ–एमएस विश्लेषण किया गया तथा इन सत्त से रूटिन, निकोटिफ्लोरिन, कैम्पफेरोल–3–जेंटियोबायोसाइड–7–रम्नोसाइड, क्लिटोरिन, क्वेरसेटिन–3–ओ–α–डी–ग्लूकोसाइड, विसेनिन–3, कीओसाइड, क्वेरसेटिन–3–सोफोरोसाइड, मैंगास्लिन, क्वेरेसेटिन–3–सम्बुबायोसाइड और आइसोरम्नेटिन–3–ओ–(α–डी–ग्लूकोपाइरेनोसिल–(1–>2)–(α–एल–रम्नोपाइरेनोसिल–(1–>6))–α–डी–ग्लूकोपाइरेनोसाइड) नामक ग्यारह फ्लेवोनोइड्स की पहचान की गई।
- नीम के बीज के कुल आठ नमूनों में से सोक्सलेट पद्धति का उपयोग करके बीज के तेल का निष्कर्षण और आकलन किया गया। आठ नमूनों से बीज के तेल की अनुमानित प्रतिशत उपज 24.03%, 25.30%, 26%, 26.30%, 24%, 26%, 25.74% और 27.21% थी।

### वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बतूर

- प्रयोगशाला, पौधशाला और क्षेत्र स्थिति में *ऐलैंथस एक्सेलसा निष्पत्रक, एलिग्मा नार्सिसस* के विरूद्ध प्रभावी नियंत्रण के रूप में क्लोरोफिरिफॉस और नीम के तेल की तुलना में जैवपीड़कनाशी, Tree PAL[H], *सिमरौबा ग्लाउका* और *पोंगामिया पिनाटा* बीज तेल की 0.25% से 1% तक की अलग–अलग सांद्रता में प्रभावकारिता का परीक्षण किया गया और यह पाया गया कि 48 घंटे/5000 पीपीएम पर लार्वा मर्त्यता दर क्रमशः 96–100%, 61.42–66.67% और 65–72% है।
- 'तमिलनाडु में कृषि वानिकी, प्राकृतिक और पारंपरिक कृषि प्रणालियों में मृदा जैविक कार्बन का अनुश्रवण' पर IFGTB-ISHA सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत, समग्र मृदा जैविक कार्बन मात्रा 0.67% के औसत मूल्य के साथ 0.06% और 1.57% के बीच थी। सबसे कम एसओसी मात्रा (0.06%) कृष्णागिरी जिले में दर्ज की गई और उच्चतम एसओसी (1.57%) तिरुवरुर जिले में कृषि वानिकी प्रणालियों के अंतर्गत दर्ज की गई। जैविक कार्बन मात्रा में 414 कृषि वानिकी नमूनों में से 22.95% नमूने कम, 38.65% मध्यम और 38.41% उच्च पाए गए। कृषिवानिकी पद्धतियों को अपनाने के परिणामस्वरूप गैर–कृषि वानिकी पद्धतियों की तुलना में कुल औसत मृदा जैविक कार्बन की मात्रा अधिक रही।

### काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- मल्टी–ट्रेट विश्लेषण पद्धति का उपयोग करके कुल 74 *डेंड्रोकैलेमस स्टॉक्सी* एसेशन का मूल्यांकन किया गया। 74 एसेशन में से, 10 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एसेशन को आगे बहुगुणन के लिए चिन्हित किया गया। *डी.स्टॉक्सी* के 9 सीपीसी के प्रकंदों को गोटीपुरा में स्थापित *डी.स्टॉक्सी* जननद्रव्य के संचार के लिए दपोली एसेशन से एकत्र किया गया। इसके अतिरिक्त, आगे के विकास के लिए सिंधुदुर्ग क्षेत्र, महाराष्ट्र से *डी.स्टॉक्सी* के 4 सीपीसी के प्रकंद एकत्र किए गए। *गॉडुआ अंगस्टिफोलिया* और *डी.स्टॉक्सी* के लगभग 600 कृंतकीय नवोद्भिद का उत्पादन किया गया।
- नोडल खंडों से एसेप्टिक पात्रे संवर्ध स्थापित किए गए, और 9 बांस प्रजातियों में प्ररोह उगता हुआ पाया गया। *बी. टुल्डा* और *डी. ब्रांडीसी* के पत्तों के नमूनों से डीएनए वियोजन की प्रक्रिया को आनुवंशिक तद्रूपता परीक्षण के लिए अनुकूलित किया गया। 5 प्रजातियों के पहले से मौजूद संवर्ध के बहुगुणित प्ररोहों के पात्रे जड़न, 4 प्रजातियों के लिए प्राथमिक दृढ़ीकरण और 6 प्रजातियों के लिए माध्यमिक दृढ़ीकरण का कार्य किया गया।

### वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

प्रयोगशाला स्थितियों में लक्ष्य पीड़कों के विरूद्ध जैवपीड़कनाशियों और रासायनिक पीड़कनाशियों के प्रभाव का परीक्षण करने के लिए प्रयोगशाला प्रयोग किए गए, परिणामों से पता चला कि डाइक्लोरोवास 76% (0.076%), प्रोफेनोफॉस 50 EC (0.00712%) मोनोक्रोटोफॉस 36 EC (0.06%) क्रमशः 96.6, 94.4 और 92.2 की अधिकतम मृत्यु दर के साथ प्रभावी पाए गए। लीफ डिप पद्धति में प्रोफेनोफॉस 50 EC (0.00712%) ने उपचार के 2 और 48 घंटे बाद ग्रब की क्रमशः 58.88 और 84.44 मर्त्यता दर दर्ज की।

## परामर्शी कार्य

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

- धनपुरी ओपन कास्ट माइन (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) सोहागपुर, शहडोल, मध्य प्रदेश की थर्ड पार्टी एनवायर्नमेंटल कम्प्लायंस ऑडिट रिपोर्ट की ड्राफ्ट रिपोर्ट सीआईएल को प्रस्तुत की गई।
- शारदा हाईवॉल ओपन कास्ट माइन (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) सोहागपुर, शाहडोल, मध्य प्रदेश की थर्ड पार्टी एनवायर्नमेंटल कम्प्लायंस ऑडिट रिपोर्ट की ड्राफ्ट रिपोर्ट सीआईएल को सौंपी गई।
- मैसर्स संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओर लिमिटेड की लौह और मैंगनीज अयस्क खदान (एमएल संख्या 2678) की उत्पादन क्षमता में वृद्धि पर भा.वा.अ.शि.प. प्रेक्षण भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सीईसी को प्रस्तुत किया गया।

## कार्यशालाएं/सेमिनार/बैठकें

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | |
| 1. | आर.ए.सी. की बैठक | 27 अक्तूबर 2022 | वैज्ञानिक, अधिकारी, अनुसंधान सहायक कर्मचारी और पीएच.डी. छात्रों |
| 2. | वन आनुवंशिकी और वृक्ष सुधार में आधुनिक आण्विक तकनीकों के अनुप्रयोग पर सेमिनार | 31 अक्तूबर 2022 | वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी एवं शोधार्थी |
| | **शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर** | | |
| 3. | जेआईसीए द्वारा वित्त पोषित आरएफडी परियोजनाओं के अंतर्गत संभावित वित्त पोषण के लिए शु.व.अ.सं. द्वारा नए परियोजना प्रस्तावों पर बैठक | 14 अक्तूबर 2022 | जेआईसीए (जापान इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी), राज्य वन विभाग, राजस्थान एवं शु.व.अ.सं., जोधपुर |



हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा आर.ए.सी. बैठक आयोजित की गई


शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा जेआईसीए द्वारा वित्त पोषित आरएफडी परियोजनाओं के अंतर्गत संभावित वित्त पोषण के लिए नए परियोजना प्रस्तावों पर बैठक आयोजित की गई

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | |
| 4. | हाइब्रिड मोड में वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड (प्री–रिलीज़) हितधारकों की परामर्शी बैठक | 12 अक्तूबर 2022 | राज्य वन विभाग, झारखंड |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | क्षेत्रों में वानिकी अनुसंधान संबंधी मुद्दों और भविष्य के सहयोग पर पारस्परिक विचार–विमर्श | 12 अक्तूबर 2022 | व.उ.सं., रांची और राज्य वन विभाग, झारखंड |
| 6. | स्वच्छता अभियान 2.0 और सरकारी भूमि सूचना प्रणाली (जीएलआईएस) पर विभिन्न मंत्रालयों या विभागों की भूमि और भवन रिकॉर्ड के अद्यतनीकरण पर समीक्षा बैठक | 27 अक्तूबर 2022 | व.उ.सं., रांची और राज्य वन विभाग, झारखंड |
| 7. | हाइब्रिड मोड के माध्यम से वानिकी अंतःक्षेप द्वारा सुबर्णरेखा और दामोदर नदी के जीर्णोद्धार पर प्रारंभिक कार्यशाला | 12 अक्तूबर 2022 | व.उ.सं., रांची |
| | **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| 8. | 2017–18 से 2021–22 के दौरान पूरी की गई परियोजनाओं के अनुसंधान परिणामों की जांच के लिए समीक्षा समिति की बैठक | 19 अक्तूबर 2022 | परियोजनाओं से जुड़े सभी वैज्ञानिक |




व.उ.सं., रांची द्वारा हाइब्रिड मोड के माध्यम से वानिकी अंतःक्षेप से सुबर्णरेखा और दामोदर नदी के जीर्णोद्धार पर प्रारंभिक कार्यशाला का आयोजन किया गया




व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 2017–18 से 2021–22 के दौरान पूरी की गई परियोजनाओं के अनुसंधान परिणामों की जांच के लिए समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 1. | व.अ.सं. में पौधशाला तकनीकों और संचालन | 7 अक्तूबर 2022 | राज्य वन विभाग, नई दिल्ली के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | आय संवृद्धि के लिए कृषि वानिकी पद्धतियों में उन्नति | 17 से 19 अक्तूबर 2022 | उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के किसानों, स्वयं सहायता समूह/एनजीओ और अन्य हितधारक |

**वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | वन आनुवंशिक संसाधनों की विशेषता और इसका संरक्षण | 13 अक्तूबर 2022 | करुण्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (सम विश्वविद्यालय), कोयम्बत्तूर से बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी के छात्र |
| 4. | डीएनए के एबीसी | 19 से 20 अक्तूबर 2022 | कोयम्बत्तूर के भारती मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, चिन्मय इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, द पीएसबीबी मिलेनियम स्कूल, श्री नेहरू विद्यालय मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल और एसबीओए मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 9, 11 और 12 के स्कूली छात्र |




आय संवृद्धि के लिए कृषि वानिकी पद्धतियों में उन्नति पर प्रशिक्षण



वन आनुवंशिक संसाधनों के लक्षण–वर्णन और इसके संरक्षण पर प्रशिक्षण

**शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | जल क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास से संबंधित मुद्दे | 12 अक्तूबर 2022 | वैज्ञानिक |

**वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | जैव विविधता की प्रलेखन विधि | 18 से 20 अक्तूबर 2022 | छात्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | |
| 7. | सामुदायिक संसाधन प्रबंधन पर एमडीपी | 17 से 21 अक्तूबर 2022 | व.उ.सं., रांची के वैज्ञानिक |
| | **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| 8. | समुदायों की आजीविका संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए बांस संसाधन विकास | 12 से 14 अक्तूबर 2022 | उत्तर पूर्व और पश्चिम बंगाल के विभिन्न राज्यों से प्रशिक्षु |
| | **उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 9. | अकाष्ठ वन उपज और आजीविका के अवसर | 18 से 20 अक्तूबर 2022 | वैज्ञानिक, एफपीओ, एनजीओ, छात्र, केवीके आदि |



समुदायों की आजीविका संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए बांस संसाधन विकास पर प्रशिक्षण


अकाष्ठ वनोपज और आजीविका के अवसरों पर प्रशिक्षण

## समझौता ज्ञापन

- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने सागौन के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए दो वाणिज्यिक ऊत्तक संवर्धन प्रयोगशालाओं के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। व.आ.वृ.प्र.सं., द्वारा स्टॉक संवर्धो को वापस खरीदने की व्यवस्था प्रदान की गई।
- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने बड़े पैमाने पर उत्पादन और तीन कृंतकों अर्थात् IFGTB TG1, TG 5 और TG 11 की आपूर्ति के लिए एच.यू. गुगले बायोटेक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- डॉ एन के बोहरा ने एआईसीआरपी–04 (यूकेलिप्टस) के वृक्षारोपण के लिए निदेशक शु.व.अ.सं. और श्री एस.आर. चौधरी (आरव फार्म, लिंच, मेहसाणा, गुजरात) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- मिजोरम विश्वविद्यालय (एक केंद्रीय विश्वविद्यालय), आइजोल और वर्षा वन अनुसंधान संस्थान (व.व.अ.सं.), जोरहाट के अनुसंधान केंद्र, वन अनुसंधान केंद्र– बांस और बेंत (व.अ.के.–बां.बें.), आइजोल के बीच 20 अक्तूबर 2022 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

## वन विज्ञान केन्द्र के अंतर्गत गतिविधियां

व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा मॉडल पौधशाला की स्थापना के एक भाग के रूप में व.वि.के., मुलुगु, तेलंगाना में एक नर्सरी शेड का निर्माण किया गया।

# प्रकृति कार्यक्रम

### वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

व.अ.सं., देहरादून ने हर्बल गार्डन और बटरफ्लाई पार्क की स्थापना के लिए केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय के चयन के लिए सर्वेक्षण किया।

### वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर

- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने शिक्षा केंद्र, गास वन संग्रहालय में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए "प्रकृति" के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारियों और शोधार्थियों द्वारा व्याख्यान और वार्ता आयोजित करके छात्रों को ज्ञान प्रदान किया गया। कोयम्बत्तूर जिले के 17 स्कूलों के कुल 973 छात्रों और 7 कॉलेजों के 282 छात्रों ने प्रकृति कार्यक्रम में भाग लिया।
- दिनांक 26 अक्तूबर 2022 को कोयम्बत्तूर के विभिन्न कॉलेजों, यथा गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज, श्रीकृष्ण आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, श्री रामकृष्ण कॉलेज, श्री शक्ति इंजीनियरिंग कॉलेज के 25 छात्रों को जैव विविधता संरक्षण और उपयोगिता पर व्याख्यान दिया गया।
- दिनांक 31 अक्तूबर 2022 को कोयम्बत्तूर जिले के 30 कॉलेज छात्रों को पौधों में भिन्नता और इसके महत्व पर व्याख्यान दिया गया।



व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा विभिन्न स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए प्रकृति कार्यक्रम आयोजित किया गया

### वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

व.जै.सं., हैदराबाद ने 26 अक्तूबर 2022 को यूनिसेंट स्कूल, कोमपल्ली के छात्रों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में दो शिक्षकों सहित कुल 47 छात्र उपस्थित थे।

### वन उत्पादकता संस्थान, रांची

व.उ.सं., रांची ने 14 अक्तूबर 2022 को केन्द्रीय विद्यालय, लातेहार में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कनिष्ठ अध्येताओं और 85 छात्रों ने जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन परत के नुकसान, कार्बन को कम करने के उपाय, एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उपायों पर चर्चा की गई।



व.उ.सं., रांची द्वारा स्कूली छात्रों के लिए पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

### काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

- प्रेसीडेंसी स्कूल, नंदिनी लेआउट, बैंगलोर के 70 छात्रों (कक्षा आठ) ने 12 अक्तूबर 2022 को का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में पौधशाला, काष्ठ संग्रहालय, एडब्ल्यूटीसी का दौरा किया।



प्रेसीडेंसी स्कूल, नंदिनी लेआउट, बैंगलोर के छात्रों ने का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में पौधशाला, काष्ठ संग्रहालय, एडब्ल्यूटीसी का दौरा किया

- प्रेसीडेंसी स्कूल, नंदिनी लेआउट, बैंगलोर के 80 छात्रों (कक्षा आठ) ने 13 अक्तूबर 2022 को का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में पौधशाला, काष्ठ संग्रहालय, एडब्ल्यूटीसी का दौरा किया।



प्रेसीडेंसी स्कूल, नंदिनी लेआउट, बैंगलोर के छात्रों ने का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

## जागरुकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

### वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- डॉ. वाई.एस.पी. विश्वविद्यालय, नौनी सोलन, हिमाचल प्रदेश के 3 शिक्षकों के साथ बी.एससी. वानिकी चतुर्थ वर्ष के 118 छात्रों (76 लड़कियों सहित) ने 20 अक्तूबर 2022 को वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून का दौरा किया।



डॉ वाईएसपी विश्वविद्यालय, नौनी सोलन, (हिमाचल प्रदेश) के शिक्षकों के साथ बीएससी वानिकी के छात्रों ने व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया

### वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर

- दिनांक 12 अक्तूबर 2022 को वन्यजीव सप्ताह समारोह के एक भाग के रूप में कोंगुनाडु कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, कोयम्बत्तूर के पूर्वस्नातक और स्नातकोत्तर (प्राणिविज्ञान) के छात्रों को बदलते जलवायु में वन्यजीव आवास पर व्याख्यान दिया गया।
- रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान, रांची के 3 संकाय सदस्यों के साथ छात्रों ने 13 अक्तूबर 2022 को व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर का दौरा किया। छात्रों को वनस्पति बहुगुणन उद्यान और गास वन संग्रहालय भी ले जाया गया।
- कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री, केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर, केरल के 32 छात्रों और 2 संकाय सदस्यों ने 14 अक्तूबर 2022 को व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर के पादपालय का दौरा किया।



कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री, केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर, केरल के छात्रों और शिक्षकों ने व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर के पादपालय का दौरा किया

- डॉ. बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विद्यापीठ (बीएसकेकेवी), दापोली, महाराष्ट्र के 35 पूर्वस्नातक वानिकी छात्रों ने 17 अक्तूबर 2022 को व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर का दौरा किया और उन्हें संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में बताया गया।



डॉ. बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विद्यापीठ (बीएसकेकेवी), दापोली, महाराष्ट्र के पूर्वस्नातक वानिकी छात्रों ने व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर का दौरा किया

- वनस्पति विज्ञान विभाग, प्रोवेनेंस कॉलेज, कुन्नूर, नीलगिरी के 22 छात्रों के साथ 4 कर्मचारियों ने 18 अक्तूबर 2022 को व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर के फिशर हर्बेरियम का दौरा किया और छात्रों को हर्बेरियम के बारे में बताया गया।



वनस्पति विज्ञान विभाग, प्रोवेंस कॉलेज, कुन्नूर, नीलगिरी के छात्रों ने व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर के फिशर हर्बेरियम का दौरा किया

- दिनांक 21 अक्तूबर 2022 को ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, देहरादून के विद्यार्थियों को वृक्ष प्रजातियों में जीनोमिक संसाधनों के सृजन तथा संरक्षण और प्रजनन कार्यक्रमों में उनके निहितार्थ पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संस्थानों के सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, पीएचडी के छात्र और शोधार्थियों सहित 53 प्रतिभागी शामिल हुए।

### काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून के 37 छात्रों (एम. एससी. वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी) और संकाय सदस्यों ने 27 अक्तूबर

2022 को काष्ठ कार्यशाला, संग्रहालय और उन्नत काष्ठ प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया।



वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून के छात्रों (एमएससी काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी) और फैकल्टी ने का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

## हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

सेंट बेड्स कॉलेज, शिमला के 50 एमएससी छात्रों ने 20 अक्तूबर 2022 को वेस्टर्न हिमालयन टेम्परेट आर्बोरेटम (डब्ल्यूएचटीए), पॉटर हिल, समर हिल, शिमला का दौरा किया।



सेंट बेड्स कॉलेज, शिमला के एमएससी छात्रों ने वेस्टर्न हिमालयन टेम्परेट आर्बोरेटम (डब्ल्यूएचटीए), पॉटर हिल, समर हिल, शिमला का दौरा किया

## वन उत्पादकता संस्थान, रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची के 4 बी.एससी (कृषि) छात्रों ने 13 अक्तूबर 2022 को शैक्षिक उद्देश्य/दौरे के लिए व.उ.सं., रांची का दौरा किया।

## वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 26 अक्तूबर 2022 को कॉलेजिएट जातीय विद्यालय, शिवसागर, असम के 67 क्षेत्रों को व.व.अ.सं., जोरहाट, बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन, मूल्यवर्धन और बांस संरक्षण तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और ऊतक संवर्धन, वीपीआई यूनिट, बांह बिथिका, लाख खेती, वनस्पति उद्यान, ऑर्किडेरियम, कृमिखाद इकाई आदि की अनुसंधान और विकास गतिविधियों का प्रदर्शन कराया।

## गणमान्य व्यक्तियों का दौरा

- माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, श्री भूपेंद्र यादव जी ने 8 अक्तूबर 2022 को व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर का दौरा किया तथा वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों के साथ बातचीत की।



माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, श्री भूपेंद्र यादव जी ने व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर का दौरा किया

- वन प्रशिक्षण अकादमी हल्द्वानी, उत्तराखंड के 2 संकाय सदस्यों के साथ 42 वन रेंज अधिकारी प्रशिक्षुओं (30 पुरुष और 12 महिला प्रशिक्षुओं) के एक बैच ने 7 अक्तूबर को हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया।



वन प्रशिक्षण अकादमी हल्द्वानी, उत्तराखंड के वन रेंज अधिकारियों, प्रशिक्षुओं के साथ संकाय सदस्यों ने हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया

- प्रो. (डॉ.) पी.एल. गौतम, प्रो चांसलर कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी (सीपीयू), हमीरपुर और पूर्व निदेशक एनबीपीजीआर नई दिल्ली के साथ डॉ. संजीव शर्मा, वाइस चांसलर, सीपीयू, हमीरपुर ने 20 अक्तूबर 2022 को हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया।



प्रो. (डॉ.) पी.एल. गौतम, प्रो चांसलर कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी (सीपीयू), हमीरपुर और डॉ. संजीव शर्मा, वाइस चांसलर, सीपीयू, हमीरपुर ने हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया

- वैगई बांध, तमिलनाडु वन विभाग से 106 वन रक्षक प्रशिक्षुओं ने 17 और 31 अक्तूबर 2022 को दो दलों में कुल 58 प्रशिक्षुओं ने व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर का दौरा किया। दोनों दलों को वनस्पति बहुगुणन उद्यान और गास वन संग्रहालय ले जाया गया।
- कोलंबिया, जर्मनी, पनामा, डोमिनिकन गणराज्य और सेनेगल और भारत के 25 प्रतिनिधियों ने 18 अक्तूबर 2022 को हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया।



वैगई बांध, तमिलनाडु वन विभाग से वन रक्षक प्रशिक्षुओं ने व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर का दौरा किया



कोलंबिया, जर्मनी, पनामा, डोमिनिकन गणराज्य और सेनेगल और भारत के प्रतिनिधियों ने हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया

## आकाशवाणी/दूरदर्शन के माध्यम से वानिकी का लोकप्रियकरण

| कार्यक्रम का विषय | चैनल | दिनांक |
|---|---|---|
| **उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 'बांस अधारित कृषिवानिकी पद्धति द्वारा आय उत्पादन' – डॉ. ननीता बेरी, वैज्ञानिक–'एफ' और प्रमुख, वन विस्तार प्रभाग | आकाशवाणी, जबलपुर (मध्यप्रदेश) | 21 अक्तूबर 2022 |

## विविध

- व.अ.के.–कौ.वि., छिंदवाड़ा ने 02 अक्तूबर 2022 और 03 अक्तूबर 2022 को बर्ड वाचिंग अभियान चलाया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों / शिक्षकों ने भाग लिया।
- व.व.अ.सं., जोरहाट ने 14 और 28 अक्तूबर 2022 को विभिन्न प्रयोगशालाओं में दो स्वच्छता अभियान चलाए।



व.अ.के.–कौ.वि., छिंदवाड़ा द्वारा बर्ड वाचिंग अभियान चलाया गया



व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा दो सफाई अभियान चलाए गए

- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और इसके संस्थानों द्वारा 31 अक्तूबर से 6 नवंबर 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 मनाया गया।



भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया




व.अ.सं., देहरादून द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया




व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया



का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया




व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया




शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया



व.उ.सं., रांची द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया



उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया




व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

## मानव संसाधन समाचार

### मनव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री प्रवीण एच. चव्हान, वैज्ञानिक – 'जी', व.जै.सं., हैदराबाद | 31.10.2022 |
| श्री सच्चिदानंद वैद्य, मु.त.अ., व.उ.सं., रांची | 31.10.2022 |

### संप्रत्यावर्तन

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री दीपक मिश्राा, भा.व.से. (के.एल.:96), सचिव, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून | 12.10.2022 |

### प्रतिनियुक्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. रत्नाकर जौहरी, भा.व.से. (एपी:94) | 12.10.2022 |

**सरंक्षक:**
श्री अरूण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून
**संपादक मंडल:**
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक, (राजभाषा), सदस्य

**प्रत्याख्यान**
- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यत: प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।